यूनिसेफ ने छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य कार्यक्रमों को सराहा

चर्चा में क्यों?

- 19 सितंबर, 2023 को यूनिसेफ इंडिया सहित यूनिसेफ के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय संगठन के प्रतिनिधियों ने कोंडागाँव ज़िले का दौरा किया एवं ज़िले में नवाचार के रूप में मानसिक स्वास्थ्य एवं कुपोषण से लड़ने के लिये तैयार की गई योजनाओं की प्रशंसा की।

प्रमुख बिंदु

- यूनिसेफ इंडिया के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी लुइजी डैक्वनिो सहित यूनिसेफ के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय संगठन के प्रतिनिधि पश्चिम अफ्रीका के रेने एहोनु एक्पनिी, बेल्जियम के गुंटर बूसरी, चोल थाबो आयुल, यूनिसेफ छत्तीसगढ़ प्रमुख जॉब जैकारीया, यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य विशेषज्ञ गजेंद्र सिंह के द्वारा कोंडागाँव में संचालित यूनिसेफ के कार्यक्रमों का अवलोकन किया गया।
- दल द्वारा विशेषतौर पर 'मया मंडई', 'एनमिया मुक्त कोंडागाँव'अभियान एवं 'युवोदय कोंडानार चैंप्स'जैसे कार्यक्रमों की प्रशंसा की गई। साथ ही स्वयं सेवकों के योगदान को सराहा गया।
- इस अवसर पर यूनिसेफ के दल द्वारा केशकाल विकासखंड के अंतर्गत बांधापारा और नाकापारा आंगनबाड़ी केंद्र में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता 'मया मंडई', पोषण दिवस और एनमिया मुक्त कोंडागाँव के बारे में युवाओं एवं ग्रामीणों के संग चर्चा की गई।
- उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं, मितानिन और एएनएम से टीकाकरण, एनीमिया मुक्त कोंडागाँव के कार्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेते हुए बस्तरिया हल्बी गानों की धुन पर बच्चों एवं युवोदय स्वयं सेवकों के संग नृत्य किया।
- इस दौरान उन्होंने योजनाओं के ज़मीनी स्तर पर क्रियान्वयन के बारे में जाना। साथ ही स्कूलों में स्वयंसेवकों द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के बारे में फैलाई जा रही जागरूकता और समुदाय में उनके योगदान पर चर्चा की।

हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर (उप-केंद्र)

vivo Y51A

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/unicef-praised-the-health-programs-of-chhattisgarh